## दिनांक 26.12.2025 को माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार की अध्यक्षता में संपन्न वेजफेड की समीक्षा बैठक की कार्यवाही

### उपस्थिति :-

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह (भा.प्र.से.), सचिव-सह-अध्यक्ष, वेजफेड |
2. डॉ० गगन, प्रबंध निदेशक. वेजफेड |
3. श्रीमती दिव्या झा, राज्य प्रबंधक, (IE & T) |
4. श्री अजय तनेजा, राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) |
5. श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष, हरित सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ |
6. श्री माधवेन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, मिथिला सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ |
7. श्री अमित शुक्ला, अध्यक्ष, तिरहुत सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ |
8. श्री संजीव सुमन, पी० एम० यू० टीम लीडर |

प्रबंध निदेशक, वेजफेड के द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत कर बैठक की कार्रवाई आरंभ की गयी। उनके द्वारा माननीय मंत्री को अवगत कराया गया कि बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना का कार्यान्वयन त्रिस्तरीय सहकारी संरचना के माध्यम से किया जा रहा है | जहाँ प्रखंड स्तर पर सब्जी उत्पादक किसान मिलकर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लि०(PVCS), क्षेत्रीय स्तर पर कुछ जिलों को सम्मिलित करते हुए सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी संघ एवं शीर्ष स्तर पर राज्यस्तरीय बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन का गठन किया गया है |

**01.आधारभूत संरचना निर्माण |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 109 PVCS में संरचना निर्माण की स्वीकृत प्राप्त है | 41 हरित सब्जी संघ, 40 तिरहुत सब्जी संघ एवं 16 मिथिला सब्जी संघ एवं 12 मगध सब्जी संघ में निर्माण किया जाना है जिसमे से 95 में ले आउट एवं 89 में कार्य प्रारंभ हो चुका है | सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि प्रतिदिन निर्माण कार्य का भौतिक रूप से निरीक्षण करें तथा अध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करावें | साथ ही जहानाबाद एवं अरवल जिले में भी आधारभूत संरचना निर्माण की संभावनाओं पर ध्यान देने हेतु कहा गया |

**02.प्याज भण्डारण योजना |**

प्याज भण्डारण योजना अंतर्गत 68 PVCS चयनित है जिसमे 46 PVCS का भूमि लीज प्रस्ताव प्राप्त है | जिसके आलोक में 41 PVCS हेतु राशि हस्तांतरित कर दी गयी है। 34 PVCS में ले आउट एवं 26 PVCS में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है | इस संबंध में सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि जिन PVCS को राशि हस्तांतरित की गयी है वहाँ ससमय निर्माण कार्य पूर्ण कराये तथा शेष PVCS से भूमि लीज प्रस्ताव वेजफेड को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उन्हे राशि हस्तांतरण की कारवाई की जा सके |

**03.तरकारी आउटलेट निर्माण |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 200 PVCS में आउटलेट निर्माण की स्वीकृति प्राप्त है | जिसमे से तिरहुत सब्जी संघ द्वारा 22, हरित सब्जी संघ द्वारा 05, मिथिला सब्जी संघ द्वारा 06 एवं मगध सब्जी संघ द्वारा 05 PVCS में भूमि उपलब्ध कराया गया है | तिरहुत संघ अंतर्गत 13 एवं मिथिला संघ अंतर्गत 05 PVCS में आउटलेट निर्माण का कार्य निर्माणाधीन है | निदेश दिया गया कि ससमय सभी स्वीकृत PVCS में निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें |

**04. बुनियादी उपकरण क्रय की योजना |**

इस योजना अंतर्गत 438 PVCS में मापतौल मशीन, प्लास्टिक कैरेट, लेनों बैग, गनी बैग, स्टील टेबल, ऑफिस टेबल, कुर्सी, व्हाइट बोर्ड, मार्कर आदि उपलब्ध करना है | समीक्षा के क्रम में पाया गया कि हरित सब्जी संघ अंतर्गत 79, तिरहुत सब्जी संघ अंतर्गत 81, मिथिला सब्जी संघ अंतर्गत 58, एवं मगध सब्जी संघ अंतर्गत 21 PVCS में बुनियादी उपकरण क्रय हेतु संघ को प्रति PVCS 98,800/-राशि उपलब्ध करायी गयी है | केवल मगध सब्जी संघ अंतर्गत 16 PVCS में बुनियादी उपकरण का क्रय किया गया है | शेष सब्जी संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिस PVCS की लिए राशि उपलब्ध करायी गयी है अविलम्ब उस PVCS में बुनियादी उपकरण क्रय कराते हुए प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध करावें |

**05. प्लास्टिक कैरेट क्रय की योजना |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्लास्टिक कैरेट क्रय हेतु हरित सब्जी संघ को 48 लाख, तिरहुत सब्जी संघ को 39 लाख, मिथिला सब्जी संघ को 21 लाख, एवं मगध सब्जी संघ को 21 लाख रुपये उपलब्ध करायी गयी है | तिरहुत सब्जी संघ द्वारा क्रय की प्रक्रिया शुरू करते हुए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है | शेष संघों से क्रय की प्रक्रिया से सम्बंधित प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध नहीं कराया गया है | निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र प्लास्टिक कैरेट का क्रय करा लिया जाय |

**06. PVCS के सदस्यों / पदधारकों के प्रशिक्षण की योजना |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि हरित सब्जी संघ अंतर्गत 67, तिरहुत सब्जी संघ अंतर्गत 80 एवं मिथिला सब्जी संघ अंतर्गत 54 मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया है | इन मास्टर ट्रेनर द्वारा अब तक हरित सब्जी संघ अंतर्गत 1921, तिरहुत सब्जी संघ अंतर्गत 5267 एवं मिथिला सब्जी संघ अंतर्गत 1678 किसानों को प्रशिक्षित किया गया है | साथ ही 319 पदधारक/प्रबंधकारिणी सदस्य को भी प्रशिक्षित किया गया है | निदेश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाय |

**07. मानव बल एजेंसी की सेवा यूनियन तथा PVCS को उपलब्ध कराने की योजना |**

मानव संसाधन आपूर्ति एवं योगदान की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि ISHA PROTECTIONAL SECURITY GUARD PVT. LTD. द्वारा 145 कर्मियों का कार्यादेश निर्गत किया गया है जिसमे से 125 वेजफेड/संघ स्तर पर 118 PVCS स्तर पर योगदान किये है तथा 27 का योगदान अभी लंबित है | NISCHAY INDIA द्वारा 146 कर्मियों का कार्यादेश निर्गत किया गया है जिसमे से 133 वेजफेड/संघ स्तर पर 116 PVCS स्तर पर योगदान किये है तथा 30 का योगदान अभी लंबित है | SHIVA PROTECTION FORCE

Sayan

PVT.LTD. द्वारा 146 कर्मियों का कार्यादेश निर्गत किया गया है जिसमे से 146 वेजफेड/संघ स्तर पर 137 PVCS स्तर पर योगदान किये है तथा 09 का योगदान अभी लंबित है | इस सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र लंबित योगदान को पूर्ण कराया जाय |

**08. CA एजेंसी के द्वारा किये जा रहे कार्य |**

CA एजेंसी द्वारा PVCS स्तर पर किये जा रहे लेखा संधारण की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि तिरहुत सब्जी संघ अंतर्गत वर्ष 2022-23 तक 05, 2023-24 तक 15, 2024-25 तक 53, 2025-26 तक 26 PVCS का हरित सब्जी संघ अंतर्गत वर्ष 2022-23 तक 10, 2023-24 तक 05, 2024-25 तक 65, 2025-26 तक 04 PVCS का एवं मिथिला सब्जी संघ अंतर्गत वर्ष 2022-23 तक 03, 2023-24 तक 11, 2024-25 तक 39, 2025-26 तक 20 PVCS का लेखा संधारण कराया गया है | निदेश दिया गया कि PVCS के अध्यक्ष एवं CA के कर्मी आपस में समन्वय स्थापित कर इस कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें |

**09.व्यवसाय |**

इस सम्बन्ध में प्रबंध निधेशक द्वारा माननीय मंत्री को अवगत कराया गया कि वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत PVCS द्वारा किसानों से सब्जी क्रय कर उसकी छटाई एवं ग्रेडिंग कर स्थानीय बाजारों में स्वयं बिक्री की जा रही है | इसके अलावा जहाँ माँग होती है वहां संघ के माध्यम से सब्जी की आपूर्ति की जाती है यथा विपार्ड गयाजी एवं विद्यालयों में सब्जी की आपूर्ति की जाती है | इस हेतु संघ द्वारा PVCS से समन्वय स्थापित कर सब्जी एकत्र कर माँग के अनुसार थोक में बिक्री की जाती है | साथ ही, बताया गया कि सुधा में प्रोडक्टस का प्राइज निर्धारित रहता है जबकि सब्जी का रेट बाजार में घटते-बढ़ते रहता है इसलिए एक स्थायी व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है जिससे सब्जी का रेट निर्धारित हो सके | माननीय मंत्री महोदय द्वारा बताया गया कि सब्जी का रेट निर्धारण हेतु एक स्थायी व्यवस्था बनायी जाय |

इस सम्बन्ध में यह भी निदेश दिया गया कि आस-पास के सरकारी संस्थानों, होटल आदि में सपर्क कर सब्जी आपूर्ति हेतु आवश्यक प्रयास किया जाय तथा यह भी बताया गया कि पारम्परिक खेती के अलावा सब्जी के विभिन्न प्रकार के उत्पादन एवं फल आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है |

**10.कार्यालय व्यवस्था |**

समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि जिन PVCS में कार्यालय व्यवस्थित नहीं है वहाँ कार्यालय व्यवस्था करा लिया जाय | वहां एक सप्ताह में कार्यालय का बोर्ड/बैनर लगवाया जाय |

**11.भ्रमण कार्यक्रम |**

समीक्षा के क्रम में प्रबंध निदेशक, वेजफेड द्वारा बताया गया कि निदेशानुसार वेजफेड में कार्यरत राज्य प्रबंधक/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/कर्मियों द्वारा भ्रमण कर PVCS में संचालित योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कराया जा रहा है जिससे PVCS में संचालित योजनाओं में प्रगति एवं सदस्यों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है |

**12. वित्तीय वर्ष 2025-2026 में वेजफेड का बजट |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुल योजना बजट 150 करोड़ रुपया में से 94.43 करोड़ स्वीकृत है, कुल प्राप्त आवंटन 78.43 करोड़, कुल व्यय 29.64 करोड़, स्वीकृत्ति हेतु लंबित राशि 55.56 करोड़, खर्च हेतु उपलब्ध राशि

Sasy

48.78 करोड़ है | इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री महोदय द्वारा लंबित कार्यों को ससमय पूर्ण कराने एवं शतप्रतिशत राशि की उपयोगिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

**13.वित्तीय वर्ष 2026-27 में वेजफेड की योजनाओ हेतु प्रस्तावित बजट |**

इस सम्बन्ध में विस्तृत बैठक कर बजट योजना बनाने का निदेश दिया गया |

**14. PVCS का निबंधन एवं सब्जी संघों का गठन |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सभी 534 प्रखंडों में PVCS का गठन किया जा चुका है तथा कुल सात सब्जी संघ (हरित, तिरहुत, मिथिला, मगध, भागलपुर, मुंगेर एवं सारण) का गठन हो चुका है एवं 02 संघों के पुनर्गठन/गठन की अधिसूचना जारी की गयी है | निदेश दिया गया कि संघों का शीघ्र गठन कराकर कार्य संचालन प्रारंभ कराया जाय |

**15. PVCS में सदस्यता |**

इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री महोदय को अवगत कराया गया कि जो किसान सब्जी उत्पादन का कार्य कर रहे उन्हें PVCS का सदस्य बनाया गया है तथा अधिक से अधिक किसानों को सदस्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है | निदेश दिया गया कि अधिक से अधिक किसानों को वेजफेड से जोड़ा जाय | इस हेतु कृषि विभाग से सब्जी उत्पादक किसानों का सांख्यिकी आँकड़ा प्राप्त किया जाय तथा जिलावार सब्जी उत्पादक किसानों का आँकड़ा तैयार किया जाय |

**16.भविष्य की योजनाएँ |**

- **मेगा फ़ूड पार्क की स्थापना:-** कृषि उत्पादों को खेत से सीधे प्रसंस्करण और बाजार तक जोड़कर मूल्य संवर्धन, खाद्य अपव्यय में कमी और रोजगार सृजन हेतु 100 करोड़ की लागत से पटना में मेगा फ़ूड पार्क की स्थापना हेतु उद्योग विभाग से समन्वय किया जा रहा है |
- **पाली हाउस का निर्माण:-** योजना प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर उपस्थापित किया गया | प्रारूप प्रस्ताव में त्रुटियों के निराकरण हेतु उप सचिव से प्राप्त निदेश के आलोक में सम्बंधित सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों एवं PMU को त्रुटि सुधार कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है | इस सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि इस हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाय |
- **रेफ्रिजेरेटेट वाहन:-** सब्जियों को खेत से बाजार या प्रोसेसिंग इकाई तक पहुँचाने के लिए रेफ्रिजेरेटेट वाहन की आवश्यकता को देखते हुए इसकी उपलब्धता के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई किये जाने हेतु इस पर विचार-विमर्श किया जाय |
- **हल्दी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना:-** DPR की तकनिकी Vetting हेतु प्रस्ताव BAU, सबौर, Spice research institute को तकनिकी vetting हेतु प्रेषित किया गया है | निदेश दिया गया कि इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई की जाय |
- **DehydrationUnit:-** PMU को IIHR एवं सबौर से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है | इस सम्बन्ध में अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

Sau

माननीय मंत्री महोदय को वेजफेड के कार्य प्रणाली के बारे में अवगत करते हुए बताया गया कि वेजफेड का नियंत्रण निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना द्वारा किया जाता है क्योंकि संघों का निबंधन निबंधक, सहयोग समितियाँ द्वारा किया जाता है | इसके अलावे निबंधक, सहयोग समितियाँ द्वारा नामित एक सदस्य (उप निबंधक से अन्यून) वेजफेड में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर भी होते है | सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के सचिव वेजफेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष होते है | वेजफेड से सम्बद्ध संघ/संघों के अध्यक्ष (अधिकतम दो) वेजफेड के निदेशक मंडल के सदस्य होते है | उच्च स्तर पर वेजफेड एजेंसी का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष माननीय विभागीय मंत्री होते है |

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई ।

(डॉ० गगन)
प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना |

ज्ञापांक ....10........../ दिनांक 05.01.2026

प्रतिलिपि:- 1.निबंधक,सहयोग समितियाँ, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित |

2.सचिव, सहकारिता विभाग बिहार,पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित |

3.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ,पटना / तिरहुत सब्जी संघ,मोतिहारी /मिथिला सब्जी सब्जी संघ,दरभंगा /मगध सब्जी संघ, गया/भागलपुर सब्जी संघ, भागलपुर/मुंगेर सब्जी संघ, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

4.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

ज्ञापांक .10......./ दिनांक 05.01.2026

प्रतिलिपि:- 1. माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग,बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना |